कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.02.2024

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
एलुमिनी सम्मेलन में छात्राओं ने दी बेहतरीन प्रस्तुतियाँ

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्रा समिति एवं एलुमिनी समिति के संयुक्त तत्वाधान में वार्षिक भूतपूर्व छात्रा मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने विगत वर्ष की गतिविधि रिपोर्ट में बताया कि ‘‘एलुमिनी स्पोर्ट सीरिज’’ के अंतर्गत सभी विभागों की भूतपूर्व छात्राओं ने विषय–विशेषज्ञ के रूप में व्याख्यान दिये। इंथ्रोपीनर के रूप में स्थापित भूतपूर्व छात्रायें, वर्तमान छात्राओं को कौशल विकास प्रदान कर रही है।

भूतपूर्व छात्रसंघ समिति द्वारा महत्वकांक्षी योजना ‘‘छोटी बहन छात्रवृत्ति’’ संचालित है, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं की मदद की जाती है।

अधोसंरचना विकास के अन्तर्गत भूतपूर्व छात्रा समिति की मांग पर डोमशेड एवं खेल मैदान विकास हेतु दुर्ग पूर्व विधायक श्री अरूण वोरा द्वारा बीस लाख की राशि से डोमशेड तैयार हो चुका है जिसमें महाविद्यालयीन गतिविधियाँ संचालित होती है एवं छात्रहित में अनेक कौशल विकास कार्यक्रम भूतपूर्व छात्राओं के सहयोग से संचालित हो रहे है। यूथ रेडक्रॉस एवं एनएसएस में भी भूतपूर्व छात्राओं का विशेष योगदान रहता है।

डॉ. अमिता सहगल ने हर्ष व्यक्त किया की भूतपूर्व छात्राएँ अनेक प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत है एवं समाज में उत्कृष्ट सेवाओं से महाविद्यालय को गौरवान्वित कर रही है।

पूर्व छात्राओं ने अपनी मिठी यादों को साझा किसा, महाविद्यालय में हुए विकास एवं परिवर्तन को सहारा एवं अनेक सुझाव व्यक्त किये।

कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. अल्का दुग्गल, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. मंजूलता साव, डॉ. तोशीना तेलंग उपस्थित रहे।

नृत्य संगीत गीत एवं उत्साह से भरे इस समारोह का संचालन तब्बसुम एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती ज्योति भरणे ने किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)